Ei CARES

Hindi

QUESTION PAPER

PERIODIC TEST

CLASS	SECTION	EXAM CODE
3	ROSE	4199741
3	TULIP	4199731

SCHOOL

Him Academy Public School - Hira Nagar

1. There are 15 questions in the paper. All are compulsory.
2. Darken the circle of your answer completely using a pencil. Do NOT tick or circle the options.
3. Show your working on a separate sheet of paper wherever you need to.
4. Please check your answers carefully before submitting the test. Once submitted, the answers CANNOT be changed.

निम्नलिखित कहानी को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
एक चिड़िया थी। उसने एक पोटली बना रखी थी। जब भी उसके साथ कुछ बुरा होता तो वह एक छोटा-सा पत्थर उस पोटली में डाल देती थी। कुछ दिनों बाद वह पोटली बहुत भारी हो गई। [1] चिड़िया पोटली के कारण उड़ नहीं पा रही थी। कुछ और दिन बीते। पोटली और भारी हो गई। अब चिड़िया चल भी नहीं पा रही थी। अब चिड़िया समझ गई कि जो बातें हमें बुरी लगती हैं, उन्हें छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। [2]

स्रोत (संपादित) - 'चिड़िया की कहानी' https://www.scribd.com/document/633553065/7

Q: 1 चिड़िया पोटली में ___________ डालती थी।

खाली जगह के लिए सही उत्तर चुनिए।

1 तिनका
2 पत्थर
3 दाना
4 अंडा

Q: 2 कहानी में पत्थर को ___________ के रूप में दिखाया है।

1 अच्छाई
2 बुरी बातों
3 भारी पोटली
4 हलकी पोटली

Q: 3 चिड़िया ___________ के कारण उड़ नहीं पा रही थी।

खाली जगह के लिए सही उत्तर चुनिए।

1 बीमारी
2 घायल पंख
3 भारी पोटली
4 भारी बारिश

Q: 4 कहानी का मुख्य विचार क्या है?

1 हलके पत्थर उठाना
2 पीछे मुड़कर देखना
3 बुरी बातों को भूलना
4 अच्छी बातों को भूलना

Q: 5 कहानी में कौन-सी पंक्ति सबसे पहले आई है?

1 कुछ और दिन बीते।
2 पोटली और भारी हो गई।
3 उसने एक पोटली बना रखी थी।
4 अब चिड़िया चल भी नहीं पा रही थी।

End of Passage Related Questions

Q: 6 भाई गोल रोटी खाता है।

इस वाक्य में विशेषण पहचानिए।

1 भाई
2 गोल
3 रोटी
4 खाता

Q: 7 तितली के लिए सही विशेषण शब्द चुनिए।

1 ऊँची
2 तीखी
3 रंग-बिरंगी
4 गोल-मटोल

Q: 8 विशेषण शब्द पहचानिए।

1 पीली
2 चटनी
3 ओढ़नी
4 खुजली

Q: 9 पेड़ ____________ होते हैं।

खाली जगह के लिए सही विशेषण चुनिए।

1 लाल
2 पीले
3 नीले
4 हरे

Q: 10 यह आम ____________ है।

खाली स्थान के लिए सही विशेषण शब्द पहचानिए।

1 भयानक
2 नुकीला
3 चौकोर
4 मीठा

Q: 11 ओह तुम यहाँ हो

(!) चिह्न का प्रयोग किसके बाद करेंगे?

1 ओह
2 तुम
3 यहाँ
4 हो

Q: 12 क्या बाहर बारिश हो रही है__

खाली स्थान के लिए उचित विराम चिह्न पहचानिए।

1 ।
2 .
3 ?
4 !

Q: 13 वाह कितनी अच्छी खुशबू है

किस शब्द के बाद विस्मयसूचक चिह्न (!) का प्रयोग होगा?

1 वाह
2 कितनी
3 अच्छी
4 खुशबू

Q: 14 किस वाक्य में विराम चिह्न का सही प्रयोग हुआ है?

1 क्या वह घर का भोजन खाती है।
2 क्या वह घर का भोजन खाती है!
3 क्या वह घर का भोजन खाती है?
4 क्या वह घर का भोजन खाती है,

Q: 15 वन में मृग घूम रहे हैं______

खाली जगह के लिए सही विराम चिह्न चुनिए।

1 ,
2 ।
3 !
4 -

End of Questions in Paper